# सिवनी/ सौसर

धूमा, कहानी, घंसौर, लखनादौन, छपारा, चौरई, परासिया, जुन्नारदेव, बिछुआ, अमरवाड़ा

# सीएम की घोषणा, किसानों से 26 सौ रुपए क्विंटल गेहूं खरीदेगी सरकार



**सिवनी, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश की मोहन सरकार ने किसानों के हित में बड़ा फैसला लिया है। मध्य प्रदेश सरकार ने इस वर्ष गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2600 रुपये प्रति क्विंटल तय किया है, जो पिछले साल की तुलना में अधिक है। इसके अलावा, धान उत्पादन करने वाले किसानों को भी 2000 रुपये प्रति हेक्टेयर की प्रोत्साहन राशि बोनस सीधे बैंक खाते में भेजा जायेगा। यह घोषणा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने हाल ही में जबलपुर के उमरिया गांव में की, जहां उन्होंने कई विकास कार्यों का भूमि पूजन भी किया और कई बड़ी घोषणाएं किसानों के हित में कि जिसके बारे में हम यहाँ विस्तार से जानेंगे।

**गेहूं खरीद पर मध्य प्रदेश सरकार का बड़ा फैसला**– पिछले साल मध्य प्रदेश सरकार ने गेहूं का समर्थन मूल्य 2425 रुपये प्रति क्विंटल तय किया था, लेकिन इस बार इसे बढ़ाकर 2600 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया है। सीएम मोहन यादव ने यह भी संकेत दिया कि अगले साल तक यह दर 2800 रुपये प्रति क्विंटल तक बढ़ सकती है, जिससे किसानों को और अधिक लाभ मिलेगा। और किसानों की आय वृद्धि होगी

## पत्नी से विवाद के बाद पति ने निगला जहर, परिजन लेकर पहुंचे सीएचसी बटियागढ़

**बटियागढ़, देशबन्धु।** किसी बात को लेकर पत्नी से हुए विवाद के बाद पति ने जहर खाया। बटियागढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम खड़ेरी निवासी देवी आदिवासी पिता भागीरथ उम्र 25 ने गुरुवार की दोपहर तीन बजे घर पर जहर खा लिया। हालत बिगड़ने पर घरवाले उन्हें सीएचसी बटियागढ़ लेकर पहुंचे।

जहां पर बीएमओ डॉक्टर श्रवण पटेल ने उन्हें तुरंत उपचार शुरू किया। पीड़ित के बड़े भाई महेश ने बताया कि जहर पीने के पहले मेरे भाई और उसकी पत्नी में आपस में विवाद हुआ था उसके बाद उसने यह काम किया जैसे ही हमें पता चला हम तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बटियागढ़ लेकर आ गये।

वहीं सीबीएमओ डॉ श्रवण पटेल ने बताया कि एक युवक सीएचसी बटियागढ़ में गंभीर अवस्था में लाया गया है जिसका प्राथमिक उपचार जारी है।

# ठेमी में चार लाख की स्मैक बरामद, दो तस्कर गिरफ्तार



**गोटेगांव, देशबन्धु।** उल्लेखनीय है कि जिले में अवैध मादक पदार्थ के कारोबार पर पूर्णत: प्रतिबंध लगाने, साथ ही नशे का कारोबार एवं सेवन करने वालों पर पूर्णत: अंकुश लगाने हेतु संपूर्ण जिला अंतर्गत विशेष अभियान चलाया जाकर जिले के विभिन्न थानों में लगातार धरपकड की कार्यवाही की जा रही है।

थाना ठेमी पुलिस की गिरफ्त में दो स्मैक के कारोबारी आए और चार लाख कीमत की 40 ग्राम स्मैक जब्त की गई। अभियान के तहत थाना ठेमी की पुलिस द्वारा 19.02.2025 को अवैध मादक पदार्थ स्मैक के कारोबार में लिप्त दो आरोपियों को बडगुवां फैक्ट्री के पास से गिरफ्त में लिया गया।

उनके नाम अजय उर्फ अज्जू लोधी, उम्र 44 साल वर्ष निवासी ग्राम नयागांव एवं आरोपी लखन सिंह लोधी, उम्र 32 साल निवासी ग्राम रहली, थाना गोटेगांव के कब्जे से 4 लाख कीमत की 40 ग्राम स्मैक, एक मोटरसाईकिल एवं दो मोबाइल भी किये गये है। जप्त की जाकर आरोपियों के विरूद्ध अपराध क्रमांक 96/2025 धारा 8, 21-बी, 29 एनडीपीएएस एक्ट पंजीवद्ध किया गया है।

इनकी रही मुख्य भूमिका– उक्त कार्यवाही में थाना ठेमी से थाना प्रभारी निरीक्षक प्रियंका केबट, सउनि राजेश तिवारी, प्रधान आरक्षक अवधेश पटेल, प्रधान आरक्षक कुलदीप सिंह ठाकुर, आरक्षक चंद्रप्रताप पटेल, आरक्षक विजय वासुकी, आरक्षक आशीष सिलावट, एवं आरक्षक सायबर सेल नीरज डेहरियाकी मुख्य भूमिका रही।

## सार-समाचार

### फंदे पर फांसी लगा कर शिक्षिका ने दी जान

**गोटेगांव, देशबन्धु।** स्थानीय नगर के कामथ वार्ड में प्रदीप जैन के मकान मे किराए से रह रही शिक्षिका फांसी पर झूल गई जिस उसकी मौत हो गई। शिक्षिका का नाम कविता नारनौरे पिता रामचंद्र नारनोरे ग्राम घोटी घुसमारा तहसील लांजी जिला बालाघाट की निवासी थी और वर्ग 3 मे ग्राम रिमझा संकुल भैंस ग्राम में शिक्षिका का के पद पर पदस्थ थी जॉइनिंग के एक माह बीता था और शिक्षिका ने जिस मकान में किराए से रह रही थी उसी में फांसी के फंदे पर झूल गई जिसमें कविता नारनौरे की मौत हो गई। परिवार में लडकी के मामा एवं भाई पहुँच। जहां शव का पोस्टमार्टम कर शव को परिवार जनों को सौंप दिया गया वहीं पुलिस ने मामला कायम कर जांच जुट गई है । वहीं मृतिका के शव को प्राइवेट एंबुलेंस से अपने ग्राम ले जाया गया। जहां उसका अंतिम संस्कार किया जाएगा।

### क्षेत्र के विकास कार्यो के प्रस्तावों को लेकर जिलाध्यक्ष मोहोड़ ने की सीएम से भेंट



**सौंसर, देशबन्धु।** मंगलवार को जिला पंचायत सदस्य/जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहोड द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से भेट करते हुये पांढुर्णा जिले के विकास कार्यो के साथ–साथ सुविख्यात चमत्कारिक श्री हनुमान मंदिर जामसांवली में प्रस्तावित हनुमान लोक परियोजना को गति देने पर चर्चा की। जिलाध्यक्ष मोहोड ने बताया कि, मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से भेट के दौरान पांढुर्णा जिले के सौसर एवं पांढुर्णा विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्यो को आवश्यक आवटंन तथा नवीन प्रस्तावित विकास कार्यो को स्वीकृति प्रदान करने का अनुरोध किया है। इसके अलावा अन्य विषयों पर भी चर्चा की। वही संदीप मोहोड के द्वारा जिले के प्रभारी मंत्री प्रद्युम्न सिह तोमर से भेट भेट कर जिले की संगठनात्मक एवं विकासात्मक गतिविधियों की जानकारी दी। अवसर पर प्रदेश भाजपा के मिडीया प्रभारी एड. अजय धवले भी उपस्थित थे।

### ग्राम पंढ़री में मनाई छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती



**सौसर, देशबन्धु।** पिपलानारायणवार के ग्राम पंढ़री मे प्रतिवर्षनुसार इस वर्ष भी श्री छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गयी। क्रिश तोमर ने बताया की इस अवसर पर ग्राम मे श्री छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन पर किर्तन का आयोजन किया गया.छत्रपति शिवाजी महाराज की मूर्ति की पूजन किया गया. जय शिवाजी जय भवानी के नारों से गूंज उठे।

### श्री संत गजानन महाराज का प्रकटोत्सव मनाया गया



**पिपला नारायण वार,देशबन्धु।** संतों की नगरी पिपला ना वार में श्री संत गजानन महाराज प्रकट उत्सव मनाया गया सर्वप्रथम श्री संत गजानन महाराज जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पूजा अर्चना की गई और महाप्रसाद भोग चढाकर महाप्रसाद वितरण किया गया कार्यक्रम में पवन जायसवाल, मनोज सामारे, रामा मांडोकर, सुरेश बंजारी, सुनील ढोक, पंकज मोरे, मीना जयसवाल, आदि उपस्थित थे।

# बिजली है न पानी, परेशानी में केवलारी

**केवलारी, देशबन्धु।** विधायक ठाकुर रजनीश सिंह लगातार अपने क्षेत्र के लोगों के लिए इस समस्या को उठा रहे हैं लेकिन संबंधितों के कान में जू तक नहीं रेंग रही है। यह वह समय है जब किसानों को बिजली पानी की सख्त आवश्यकता होती है। समय पर बिजली पानी नहीं मिलने पर फसलें खराब हो सकती हैं जो किसान इस सीजन में धान लगाते हैं। उन्हें परहा लगाने के लिए पानी की आवश्यकता पड़ती है।

केवलारी विधानसभा के छिन्दा क्षेत्र की ग्राम छिंदा डूंगरिया चंदन खेड़ा गुबरिया तिंदुआ बबरिया कोहका खुर्शीपार दीप माल्हानवाड़ा पुंगार केवलारी क्षेत्र के झगरा ढूटेरा अर्जुनझीर दूधिया पारसपानी पांजरा खापा जमुनापानी बगलई डोकरराजी मोहगांव सरेखा कुम्हड़ा झोला मलारी मुनगापार देवकरन टोला डोभ बोथिया में नहर से सिंचाई के लिए पानी की मांग अनेकों बार की जा चुकी है।

बिजली विभाग और सिंचाई विभाग में अधिकारी कर्मचारियों की कमी का रोना है सिंचाई विभाग के एसडीओ को उनकी कारगुजारी के कारण निलंबित तो कर दिया गया है उन्हें रिलीव नहीं किया गया ना ही उनके स्थान पर किसी दूसरे अधिकारी को भेजा गया है यही हाल बिजली विभाग का है क्षेत्र में बिजली आने जाने का कोई समय नहीं है।

कभी भी बिजली कटौती की जा रही है जिससे किसानों को तो समस्या हो रही है साथ ही यह परीक्षा का समय है अध्यनरत छात्र छात्राओं की पढ़ाई में रुकावट आ रही है।

क्षेत्रीय विधायक ठाकुर रजनीश सिंह द्वारा इस संबंध में मुख्यमंत्री से लेकर मंत्री तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों से आवेदन निवेदन जहां तक की आंदोलन भी किया जा चुका है किसान एवं छात्र–छात्राओं को समस्या हल नहीं हो पा रही है इस मामले में शासन प्रशासन पूरी तरह निरंकुश हो गया है।

# विधायक ने खिलाड़ियों को प्रदान की क्रिकेट किट




**गोटेगांव, देशबन्धु।** स्थानीय नगर के शिक्षक कॉलोनी में स्थित निवास पर गोटेगांव विधानसभा के विधायक महेंद्र नागेश ने विधानसभा क्षेत्र के ग्राम खमरिया (तिघरा) टीम के खिलाड़ियों को क्रिकेट किट प्रदान उनका हौसला अफजाई की वहीं भजन मण्डली के सदस्यों को गायन के लिए भजन सामग्री प्रदान कि। वही जनसुनवाई में पहुंचे अन्य लोगों की समस्याओं का निराकरण कर संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए,इस दौरान अनेक नागरिक उपस्थित रहे।

# कक्षा पांचवीं-आठवीं की वार्षिक परीक्षा 24 फरवरी से

**सिवनी, देशबन्धु।** जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केन्द्र सिवनी ने जानकारी देकर बताया कि शासन के निर्देशानुसार कक्षा 5वीं एवं 8वीं की वार्षिक परीक्षा दिनांक 24 फरवरी से प्रारंभ होगी। परीक्षा का समय दोपहर 02 बजे से 04ः30 बजे तक कुल 02ः30 घंटे रहेगा। जिले के 08 विकासखण्डों के 80 जनशिक्षा केन्द्रो में शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के कक्षा 5वीं के 20527 विद्यार्थियों एवं कक्षा 8वीं के 22424 विद्यार्थियों कुल 42951 विद्यार्थियों के लिए 221 परीक्षा केन्द्र निर्धारित किये गये है।

उन्होंने बताया कि समस्त बच्चों को जनशिक्षा केन्द्र स्तर एवं विकासखण्ड स्तर से त्रुटि रहित प्रवेश–पत्र उपलब्ध कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। समस्त परीक्षा केन्द्रों में बैठक व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक सुविधायें उपलब्ध कराये जाने हेतु बीआरसीसी तथा केन्द्राध्यक्ष, सहायक केन्द्राध्यक्ष को निर्देशित किया गया है।

परीक्षा में छात्रों की शत–प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित कराये जाने का दायित्व संबंधित संस्था प्रमुख जनशिक्षक, जनशिक्षा केन्द्र प्रभारी एवं बीआरसीसी की होगी। परीक्षा के सफल एवं सुचारू संचालन हेतु विकासखण्ड स्तर एवं जिला स्तर पर कन्ट्रोल रूम का गठन किया गया है। जिला स्तरीय कन्ट्रोल रूम प्रभारी श्री सी. के. बिसेन, एपीसी अकादमिक मो.नं.- 9424928750 एवं श्री सतेन्द्र अवधिया मो.नं.-9425445749 जिला शिक्षा केन्द्र को नियुक्त किया गया है।

## सातवें वेतनमान के लिए जिला अस्पताल और मेडिकल कॉलेज में डाक्टरों ने काली पट्टी बांधकर काम किया

**सिवनी, देशबन्धु। प्रदेश** में सरकारी और स्वशासी डॉक्टरों ने अपनी मांगों को लेकर आंदोलन शुरू कर दिया है। गुरुवार को सिवनी जिला अस्पताल के डॉक्टरों और मेडिकल कॉलेज के शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर मरीजों का इलाज किया।

# जबेरा में नोहलेश्वर महोत्सव का शुभारंभ



**जबेरा, देशबन्धु।** बड़ी ही प्रसन्नता का विषय है कि आप सभी के सहयोग और आशीर्वाद से नोहटा महोत्सव फिर से शुरू करने का सौभाग्य मिला है। आज बुंदेलखण्ड के जाने-माने कलाकार जितेन्द्र/जित्तू खरे के कार्यक्रम के साथ ही राई का कार्यक्रम रखा गया है। यह आपका अपना कार्यक्रम है। इस कार्यक्रम का आनंद सभी-जन लें। यहां पर 10 दिवसीय बड़ा कार्यक्रम करने का प्रयास किया गया है।

कार्यक्रम का यह पहला प्रयास है। आने वाले समय में और बेहतर सुनिश्चित किया जाएगा यह मेला दिव्य और भव्य रूप में आयोजित होगा। इस आशय के विचार प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने नोहलेश्वर महोत्सव के शुभारंभ अवसर पर व्यक्त किए।

कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान गणेश की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं माल्यापर्ण कर किया गया। इसके पूर्व राज्यमंत्री श्री लोधी सहित कार्यक्रम आयोजक मण्डल ने नोहलेश्वर मंदिर पहुँच कर पूजन अर्चन किया और मशाल को मेला स्थल पर स्थापित किया। राज्यमंत्री श्री लोधी ने कहा पिछली बार तीन दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इस बार शिव महोत्सव के नाम से यह मेला शुरू किया गया है। इस मेले में 5 दिवस स्थानीय कार्यक्रम होंगे जिसमें बुंदेलखंड के कलाकारों को शामिल किया गया है, जिसमें स्कूल के विद्यार्थी भाग लेंगे।

22 फरवरी से संस्कृति विभाग के कार्यक्रम शुरू होंगे, जिसमें प्रदेश के ख्याति प्राप्त कलाकार आ रहे हैं, जिनका देश दुनिया में नाम है, ऐसे कालाकार आएंगे, यह कार्यक्रम आगे बढ़ता रहे, ऐसा प्रयास किया जायेगा। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे ने कहा हर्ष का विषय है कि आज नोहटा में महोत्सव आयोजित किया जा रहा है, दमोह में सांस्कृतिक चेतना यात्रा निकाली गई थी जिसमें मशाल जुलूस में प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मेन्द्र सिंह लोधी चल रहे थे।

उन्होंने कहा मेला में उत्कृष्ट कलाकार एवं गायक आपके बीच में आ रहे हैं, इसका श्रेय भी आपके विधायक को जाता है, यह मेला दमोह में एक नया इतिहास रचने वाला है, यहां पर हेलीकॉप्टर राइड भी होने वाली है, जो गांव का छोटे से छोटा व्यक्ति 2000 रूपये की राशि पर हवा में उड़ने का आनंद लेगा। जिलाध्यक्ष ने कहा यहां पर स्थाई मंच और अन्य व्यवस्थाएं हो जाए जो हमेशा मेले के लिए काम आएंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश वंदना से हुआ। बुंदेलखण्ड के जाने-माने कलाकार जितेन्द्र/जितु खरे ने मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थितजनों का मनमोह लिया।

# एसडीएम ने ली बैठक, दिए निर्देश



**बटियागढ़, देशबन्धु।** दमोह कलेक्टर के निर्देश पर राजस्व संबंधी जो कार्य किए जा रहे हैं। जिनमें विभिन्न विभागों के सहयोग से हमें लक्ष्य को प्राप्त करना है। इसी संबंध में जिले सहित बटियागढ़ तहसील क्षेत्र में फार्मर आई डी बनवाना, शत-प्रतिशत एवं त्रुटिरहित गिरदावरी का कार्य करवाना, ई-केवाईसी संबंधी और हमारा स्वामित्व संबंधी कार्य है इनमें सभी विभागों के समन्वय की आवश्यकता होती है। जिसमें ग्रामीणों से विभिन्न प्रकार के दस्तावेज लेना और भी कई कार्य है

जिसके संबंध जनपद पंचायत बटियागढ़ के सभा कक्ष में एक संयुक्त बैठक राजस्व विभाग के पटवारियों, कृषि विभाग के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों, सीएससी कर्मियों, पटवारी सर्वेयर एवं जनपद पंचायत बटियागढ़ के समस्त सचिवों की उपस्थिति में एसडीएम पथरिया निकेत चौरसिया की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। यहां उपस्थित सभी लोगों को शुद्ध व शत प्रतिशत सही गिरदावरी, ई-केवाईसी, फार्मर आई डी और भी कार्यों को करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में तहसीलदार बटियागढ़ योगेन्द्र चौधरी, बटियागढ़ तहसील के सभी पटवारी, जनपद पंचायत बटियागढ़ के सभी सचिव, सीएससी फुटेरा से व्ही एल ई प्रिंस जैन, चंचल जैन और जितेन्द्र खटीक सहित पटवारी सर्वेयरों की उपस्थिति रही।

## धूमधाम से मनाई शिवाजी की जयंती

**पीपला नारायण वार, देशबन्धु।** आज छत्रपति शिवाजी महाराज जी की जयंती बड़े धूमधाम राजमार्केटिग बस स्टाप पिपला नारायणवार मे मनाई गई।

सर्वप्रथम छत्रपति शिवाजी महाराज जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुजा अर्चना कि एवं समाजसेवी मधुकर गायकवाड एवं कुशल चौधरी ने शिवाजी महाराज के जीवन चरित्र पर एवं उनके द्वारा सर्व समाज के किए गए सर्वोच्च कार्य किए गए पर प्रकाश डाला गया शिवाजी का नाम हर मराठा गर्व के साथ लेता है। केवल महाराष्ट्र ही नहीं पूरे देश में पूछा जाता है। शिवाजी महाराज ने स्वराज की स्थापना के लिए अपने जीवन के अंतिम समय तक प्रयास किया।

## दैनिक राशिफल

**शुक्रवार 21 फरवरी 2025 का पंचांग विक्रम संवत् 2081, शक संवत 1946 हिज़री 1445। फाल्गुन शुक्ल पक्ष की अष्ठमी, नक्षत्र- अनुराधा।**

**मेष** – आर्थिक और व्यावसायिक दृष्टि से आज का दिन लाभदायक रहेगा। लंबे समय का आर्थिक आयोजन पूरा कर सकेंगे।

**वृषभ** – परिश्रम की अपेक्षा कम परिणाम मिलने पर भी आप निष्ठापूर्वक काम को आगे बढ़ाएंगे। आपके क्षेत्र की विशालता और वाणी की मधुरता अन्य लोगों को प्रभावित करेगी।

**मिथुन** – महत्वपूर्ण निर्णय लेने में कठिनाई महसूस करेंगे। घर में माता और स्त्री वर्ग के लिए आप अधिक भावनाशील बन जाएंगे। तनाव महसूस कर सकते हैं। `क-399-179

**कर्क** – आज का दिन नए काम की शुरुआत या सफलता के लिए अच्छा रहेगा। मित्रों और स्वजनों से मिलकर आप खुशी अनुभव करेंगे। किसी यात्रा की संभावना है।

**सिंह** – परिवार के सदस्यों के साथ सुख-शांति में दिन व्यतीत होगा। उनका सहयोग मिलेगा। महिला मित्रों की विशेष मदद मिलेगी। अपनी प्रभावकारी वाणी से अन्य लोगों का ध्यान केंद्रित कर सकेंगे।

**कन्या** – अपने समृद्ध विचार और बोली से आज आपको लाभ होगा। किसी के साथ नए संबंध में जुड़ सकते हैं। आज का दिन व्यापार की दृष्टि से लाभदायक रहने की संभावना है।

**तुला** – आज के दिन ज़रा सा भी असंयमित और अनैतिक व्यवहार आपको तकलीफ में डाल सकते हैं। दुर्घटना से बचें।

**वृश्चिक** – घर परिवार के साथ आपको आनंद और संतोष की अनुभूति होगी। पत्नी और पुत्र की तरफ से अच्छे समाचार मिलेंगे। शुभ कार्य में भाग ले सकेंगे।

**धनु** – काम में सफलता का दिन है। नए काम की शुरुआत कर सकेंगे। व्यापारी अपने बिजनेस का आयोजन और विस्तार अच्छी तरह कर सकेंगे। नौकरी में उच्च पदाधिकारी आपकी पदोन्नति के लिए विचार करेंगे।

**मकर** – आप अपने व्यापार के लिए नई शैली से काम करेंगे। लेखन और साहित्य संबंधी काम को आगे बढ़ा सकते हैं। शारीरिक थकावट और भय की अनुभूति होगी।

**कुंभ** – आपके मन में नकारात्मक विचार उत्पन्न हो सकते हैं। आपके मन में क्रोध और दु:ख की भावना हो सकती है।

**मीन** – भाग्य का साथ होने के आज का दिन अच्छी तरह व्यतीत होगा। बिजनेस में भागीदारी करनी हो तो समय अनुकूल है। जीवनसाथी के साथ निकटता का अनभव होगा।

म. 589-228

3,5,7,9,30,55,71,94,45,50,77,81